

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

■ न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे ■
Reg. No. MH180326353

BCI
BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 193 ● मुंबई, बुधवार 12 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### देवनानी से उत्तर प्रदेश के विधायक मिले



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को यहां विधानसभा में उत्तर प्रदेश के गोवर्धन विधान सभा क्षेत्र के विधायक मेघ श्याम सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। सिंह ने अध्यक्ष श्री देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। देवनानी को सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बारे में जानकारी भी दी।

### पाटेश्वर महादेव मंदिर में हुआ फागोत्सव



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के सुभाषनगर स्थित पाटेश्वर महादेव मंदिर में आंवला एकादशी के मौके पर फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। अर्चना व्यास ने बताया कि इस अवसर पर सभी महिलाएं फागणिया पहनकर मंदिर पहुंची और यहां पर भगवान के साथ फूलों की होली खेलते हुए भगवान को रंग लगाया। फागोत्सव के दौरान मान्यता है कि भक्त भगवान के रंग लगाकर होली के त्यौहार की शुरूआत करते है। व्यास ने बताया कि फागोत्सव के दौरान सभी महिलाओं ने ठाकुरजी के भजन गाए और नृत्य भी किया। इस मौके को खास बनाने के लिए सभी महिलाए एक जैसी वेशभूषा में होने के साथ सभी ने भजनों का आंनद लिया। इस अवसर पर मनीषा मौड, नीता मुंदड़ा, संगीता मूंदडा, रजनी छापरवाल, किरण साहू, रीना काबरा, मनीषा काबरा, गरिमा डाड, पुनीता मंडोवरा, श्रद्धा दुबे, डिंपल जोशी, सुमन मूंदड़ा, दिप्ति माहेश्वरी, अनीता बांगड़, उषा देवपुरा सहित कई महिलाओं ने फागोत्सव में बढ़चढ़कर भाग लिया।

### दशा नागदा समाज का सामूहिक ढूंढोत्सव-2025 एवं स्वर्ण सीढ़ी आरोहण का आयोजन 13 व 14 मार्च को



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जैन युवा परिषद् एवं दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज की ओर से गमेर बाग, उदयपुर में दशा नागदा समाज के नवागंतुक नोनिहालों का भव्य सामूहिक ढूंढोत्सव आयोजन 13 व 14 मार्च को आयोजित होगा। जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष रविश मण्डलिया ने बताया कि 13 मार्च गुरुवार, स्नेहभोज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वर्ण सीढ़ी आरोहण सायं को गमेर बाग में आयोजित होगा। वहीं 14 मार्च शुक्रवार, रंगोत्सव धुलण्डी कार्यक्रम रैन डांस एवं समय- 9.30 बजे से हुआरी पापड़ी का भी आयोजन होगा। सचिव भुपेन्द्र मुण्डफोड़ा ने बताया कि वहीं 14 मार्च शुक्रवार शाम को सामूहिक भोजन-पीलिया की रोटी व सामुहिक ढूंढ संस्कार महोत्सव (जैन विधि द्वारा) गरबा कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### शांति समिति की बैठक 12 मार्च को

● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शांति समिति की बैठक 12 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक गोयल ने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को शांति समिति की बैठक आयोजित कराते हुए शांति समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारीगणों को सूचित करने को कहा है।

# अलवर में थाना एनईबी व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई

# साईबर ठगी के उदेश्य से मोबाईल सिम सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

### टेलिकॉम कम्पनियों की 50 सिम कार्ड, 13 एंड्राइड मोबाईल, 20,800 रुपये नकद व 01 थार जीप जब्त

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** अलवर जिले में थाना एनईबी व डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई कर साईबर ठगी के उदेश्य से मोबाईल सिम सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा कर 04 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से विभिन्न टेलिकॉम कम्पनियों के 50 सिम कार्ड, 13 एंड्राइड मोबाईल, 20,800 रुपये नकद व 01 थार जीप जब्त की गई है। अलवर एसपी संजीव नैन ने बताया कि साईबर क्राईम की रोकथाम एवं इसमें लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह व सीओ अंगद शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ एनईबी दिनेश चन्द व डीएसटी प्रभारी इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आसूचना संकलन कर साईबर ठगी करने वाले एवं साईबर ठगों को अन्य राज्यों से अवैध तरीके से फर्जी सिम कार्ड सप्लाई करने के मामले में 04 आरोपियों वसीम अकरम मेव पुत्र फकरूदीन (25) निवासी सालपुर थाना अरावली विहार, शोयब मेव पुत्र इसराईल खांन (20) निवासी माचडी थाना अकबरपुर, राघवेन्द्र उर्फ लक्की पालावत पुत्र ओमेन्द्र सिह (26) निवासी गुजूकी थाना अरावली विहार एवं वारिस मेव पुत्र रहीश खां (21) निवासी माचडी थाना अकबरपुर अलवर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 फर्जी सिम कार्ड, 13 एंड्राइड मोबाईल, 20 हजार 800 रुपये व 01 थार जीप बरामद की है। एसपी नैन ने बताया कि आरोपियों द्वारा साईबर ठगी करने एवं अन्य



राज्यों से मोबाईल सिम लाकर साईबर क्राईम करने वाले अपराधियों को सिम कार्ड सप्लाई करने की आसूचना प्राप्त होने पर थाना एनईबी एवं डीएसटी अलवर ने कार्रवाई करते हुये जवाहर नगर हनुमान सर्किल अलवर के पास खाली खेत से इन्हें डिटेन किया था। जिनके पास से फर्जी सिम कार्ड, ऐन्ड्रोईड मोबाईल, नकदी थार जीप बरामद की गई। इबके मोबाईल में वाट्सअप ग्रुप पर रुपयो के लेन देन बाबत चैट मिली। आदि पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी हैं। यह कार्रवाई करने वाली टीम में थाना एनईबी से एसएचओ दिनेश चन्द, एएसआई अजय कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, रामकिशन, राजकुमार, धर्मेन्द्र, मुकेश व परशुराम एवं डीएसटी से इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह, एएसआई हरविलास, हैड कांस्टेबल दयाराम, कांस्टेबल संदीप, राजाराम, मुरारी, कानाराम, समय सिह, समुन्द्र, देवेन्द्र, इरशाद, दीन मौहम्मद, हरिओम व करतार शामिल थे।

## जायन्ट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज़ द्वारा फाग उत्सव का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**जोधपुर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज़ द्वारा किया गया फाग उत्सव का आयोजन जिसमें सौ से ज़्यादा महिलाओं ने भाग लिया । सभी ने फूलों की होली खेली कृष्ण और राधा की भजन गाने के लिए मंडली को बुलाया गया । स्वादिष्ट अल्पाहार और मनभावन गीतों के साथ रिटर्न गिफ़्ट भी दिए गए । सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ख़ूब मनोरंजन व उत्साह से कार्यक्रम का आनंद लिया गया । रॉयल लेडीज़ ग्रुप की सचिव तारा सोलंकी के घर पर ये आयोजन किया गया ताकि कृष्ण भगवान को भोग भी लगाया जा सके जिसमें 56 प्रकार के भोग को भी सम्मिलित किया गया और तरह तरह के आयोजन भी शामिल किए और कोई कृष्ण बन के आया स्वांग रचा तो कोई राधा बनके आया किसी ने किसी प्रकार से लुत्फ़ उठाया तो किसी ने किसी प्रकार से सभी ने फागण माह के इस बड़े आयोजन का उत्साह पूर्वक आनंद लिया सभी ने साथ में भजन गाए आने वाली सभी सदस्यों का सचिव तारा सोलंकी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष निरुपा पटवा द्वारा कार्यक्रम का संचालन भी किया गया और सभी आगंतुक व परिवार के सदस्यों का भी विशेष सहयोग आयोजन में प्रमुखता से रहा।

### मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला मानदेय कार्मिकों को किया गया सम्मानित

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 42 मानदेय महिला कार्मिकों को माता यशोदा पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशस्थि पत्र देकर चयनित आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सम्मानित किया। कार्यालय, उपनिदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा माता यशोदा पुरस्कार के तहत आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं को 5100 रुपये की राशि एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 2100 रुपये की राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को और बेहतर



कार्य करने एवं राजस्थान सरकार की जन कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग अरशदीप बरार, उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल सहित जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारियों, महिला पर्यवेक्षकों एवं चयनित मानदेय कर्मियों ने शिरकत की।

## अटल जन सेवा शिविर 17 मार्च को

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** जिले मे त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जारी दिशा निर्देश अनुसार जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि द्वितीय गुरूवार 13 मार्च को होली का राजकीय अवकाश होने से राज्य स्तर से अटल जन सेवा शिविर 17 मार्च 2025, सोमवार को आयोजित किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उपखण्ड में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक वी.सी. के माध्यम से किया जावें। उन्होंने जनसुनवाई शिविरों के आयोजन का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने तथा शिविरों में प्राप्त परिवेदनाओं को तीन दिवस में पोर्टल पर भी दर्ज किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा उक्त जनसुनवाई में राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से पर्यवेक्षण किया जायेगा। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

### सहायक आचार्यः राजनीति विज्ञान (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती -2023

## 24 मार्च से 9 अप्रेल तक आयोजित किए जाएंगे 5वें चरण के साक्षात्कार

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत राजनीति विज्ञान के साक्षात्कार हेतु 5 वें चरण का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रमानुसार उक्त विषय के पदों हेतु 24 मार्च से 9 अप्रेल 2025 तक साक्षात्कार का पांचवां चरण आयोजित किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

## शिव शंकर गौशाला में यज्ञ और अभिनंदन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शिव शंकर गौशाला, पाराखेत, कलडवास में मंगलवार को गौ रक्षार्थ यज्ञानुष्ठान डॉ भूपेंद्र शर्मा के पुरोहित्य में संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में गौशाला की महिला संचालिका और सचिव शालिनी राजावत का निष्ठावान गौ सेवा हेतु शिवोहम योग केंद्र के संचालक योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत द्वारा उपरना, मेवाड़ी पाग, साहित्य, राम लला प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया गया। सभी गौ भक्तों द्वारा गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिलाने हेतु प्रयास करने का संकल्प लिया गया। गौ



संरक्षण, संवर्धन, गौपालन की ईश्वर से प्रार्थना की गई। यज्ञ में नवनीत भट्ट व नरेश पूर्बिया, मीत, माही, गणेश लाल डांगी, प्रदीप उपाध्याय आदि यजमान रहे। गौशाला सचिव शालिनी राजावत ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि गौ शाला की ओर से होली के अवसर पर होलिका दहन में उपयोग हेतु विशेष गव्य काष्ठ निर्मित करवाया गया है जो विक्रय हेतु उपलब्ध है । शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री ने ली मेट्रो अलाइमेंट की बैठक

## सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर 31 मार्च तक हो पूरी जयपुर के अन्य क्षेत्रों में भी मेट्रो के विस्तार की बनाए प्रभावी योजनाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर



के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो। मुख्यमंत्री ने फेज- 2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड़, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

### मेट्रो स्टेशन्स पर यात्री सुविधा का रखें विशेष ध्यान

उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और जेएमआरसी की संयुक्त उद्यम कम्पनी से प्रदेश की निर्माणाधीन एवं भविष्य की सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उदयपुर में थाना गोवर्धनविलास की बडी कार्रवाई

# सेक्टर 14 से चोरी की गई स्कॉर्पियों कार सहित घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व एक अन्य स्कॉर्पियों गाड़ी जब्त

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिले की थाना गोवर्धनविलास पुलिस ने 26 फरवरी की देर रात सेक्टर 14 से चोरी की गई स्कॉर्पियों कार सहित घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व एक अन्य स्कॉर्पियों गाड़ी जब्त की है। वाहन चोरी के इस मामले में अन्तर्राज्यीय चौपहिया वाहन चोर गिरोह के सरगना हिस्ट्रीशीटर शंकर विश्नोई पुत्र भागीरथ निवासी मौखावा थाना गुड़ामालानी को नामजद किया है। उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि अभियुक्त शंकर विश्नोई काफी शातिर प्रवृति का है। जिसकी गिरफतारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। स्कॉर्पियो चोरी के संबंध में सेक्टर 14 निवासी मुकुल मेहता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अज्ञात चोर 26 फरवरी की रात घर के बाहर खड़ी उसकी स्कॉर्पियो चोरी कर ले गए थे। एसपी गोयल के निर्देशानुसार एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा व सीओ गिर्वा सूर्यवीर सिंह राठौड के सुपरविजन एवं एसएचओ दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक किया। जिसमे रात के समय स्वीफ्ट कार में आये अज्ञात बदमाशो द्वारा रैकी के बाद मौका मिलते ही मध्यरात स्कार्पियो चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने सन्दिग्ध स्विफ्ट कार का पीछा शुरू किया। पुलिस ने नेला रोड, प्रतापनगर-बलिचा रोड से होते हुए अम्बेरी से कैलाशपुरी से देलवाडा टोल तक सीसीटीवी कैमरे चैक किये। देलवाडा टोल के सीसीटीवी कैमरो में सेक्टर 14 से चोरी की गई स्कॉर्पियो कार व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार टोल बूथ से गुजरते हुए बाड़मेर की और जाते दिखाई दी। बदमाशो ने इन वाहनों पर नम्बर प्लेट हटा कर किसी अन्य वाहन के फास्टैग लगा कर टोल क्रॉस किया गया था। उक्त फास्टैग के आधार पर राजस्थान के विभिन्न टोल बूथ से रिकॉर्ड प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। विभिन्न टोल बूथ के सीसीटीवी रिकॉर्डीग से अज्ञात बदमाशों के अस्पष्ट फोटो प्राप्त किये गये। जिनको विभिन्न जिलों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर पहचान का प्रयास किया गया। विभिन्न टोल बूथो से प्राप्त फास्टैग डिटेल व सीसीटीवी फुटेज के आधार घटना में प्रयुक्त वाहन के नम्बर को चिन्हीत कर अज्ञात बदमाश की पहचान शंकर विश्नोई निवासी मौखावा के रूप में हुई। पुलिस टीम ने बदमाश शंकर विश्नोई के गांव मौखावा पहुंच पता किया तो ज्ञात आया कि संदिग्ध शंकर विश्नोई अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का सरगना एवं थाना गुढामालानी का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरूद्व राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र में चौपहिया वाहन चोरी व एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज है। पुलिस टीम ने वेश बदल कर शंकर विश्नोई के घर, खेतों व रिश्तेदारों का पता लगा संभावित ठिकानो पर दबिश दी गई, लेकिन हाथ नही लगा। तलाश के दौरान सोमवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की वांछित अभियुक्त शंकर विश्नोई की गैंग दुबारा उदयपुर शहर आसपास वाहन चोरी की नियत से घूम रही है। अभी ग्राम कुण्डाल में झाडोल की तरफ जाने वाली रोड पर सुनसान स्थान पर खडे है। सूचना पर पुलिस टीम तुरन्त मौके पर पहुंची। जहां दो स्कॉर्पियो कार व एक स्वीफ्ट कार लेकर खडे कुछ युवक दिखाई दिये। पुलिस वाहनों को देखकर अपने वाहन दो र्स्कोपियो कार व एक स्वीफ्ट कार मौके पर छोड कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए पहाडो की तरफ भाग गये। पुलिस टीम द्वारा काफी पीछा किया गया, लेकिन बदमाश ओझल हो गये। मौके पर सेक्टर 14 से चुराई गई स्कॉर्पियो कार, घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार व एक अन्य स्कॉर्पियो को जब्त किया गया। अभियुक्त शंकर विश्नोई व उसके साथीयों की गिरफतारी के प्रयास जारी हैं।

### अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

## ब्लैक स्पॉटों पर पायी जाने वाली कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठायः अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर के कक्ष में किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यो को आपसी समन्वय से निश्चित समय सीमा में पूर्ण करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओ को नियंत्रित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे निर्धारित ब्लैक स्पॉटों पर पायी जाने वाली कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने सड़क निर्माण से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त सड़कों की समय पर मरम्मत करने के साथ ही संकेतांक बोर्डो, स्पीड ब्रेकरों पर लाइनिंग, झाडियों एवं पेड़ों की कटाई सहित अन्य कार्य निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करें इसके साथ ही सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जेन्सियां दुर्घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर जनहानि को बचाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिले में सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु संबंधित विभाग संयुक्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए गायों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने के निर्देश प्रदान किये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा गतिविधियों पर प्रतिदिन कार्य करने एवं स्कुल, कॉलेज् एवं मुख्य चौराहों पर हेलमेट एवं सीट बैल्ट के बारे में लोगों का जागरूक करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुई बाल वाहिनियों का नियमानुसार संचालन हो एवं बाल वाहिनियों की नियमित तौर पर जांच की जाए तथा व्यस्ततम सड़कों पर स्थित स्कूल एवं कॉलेज के सामने साइन बोर्ड लगवाए व अन्य सुरक्षा उपाय अपनाएं।

## उदयपुर में भारतीय खाद्य निगम का गोदाम सीज किया

### एफसीआई ने यूडी टैक्स नहीं जमा करवाया था, 5 लाख का भुगतान बकाया





● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर में मंगलवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गोदाम नगर निगम ने सीज कर दिया है। इनका नगरीय विकास कर (DTAX) बकाया होने पर यह कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शक्तिनगर स्थित बाजार में तीन दुकानें भी सीज की गई।

#### एफसीआई के गोदाम को सीज किया

उदयपुर नगर निगम ने यह कार्रवाई मंगलवार को की। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि ठोकर चौराहा से पुरोहितों की मादड़ी जाने वाले रास्ते पर स्थित भारतीय खाद्य निगम कैंपस को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि एफसीआई का 4,89,964 रुपए का यूडी टैक्स बकाया था। उल्लेखनीय है कि यहां पर भारत सरकार की ओर से खाद्यान्न की खरीद, भंडारण, और वितरण का काम किया जाता है। राजस्व अधिकारी नीतिश भटनागर ने बताया कि इसी प्रकार शक्तिनगर निराला मार्ग पर तीन दुकानों को सीज किया गया। इन कॉमर्शियल दुकानों से नगर निगम को 5,07,833 रुपए का यूडी टैक्स बकाया था। इन दुकानों को सीज कर दिया गया है। आयुक्त ने कहा कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेते हुए टैक्स जमा करवा सकते हैं।

#### धुलंडी को छोड़कर प्रतिदिन जमा होगा यूडी टैक्स

इधर, आयुक्त ने बताया कि नगर निगम में यूडी टैक्स जमा होने का काउंटर धुलंडी के अवकाश के दिन छोड़कर प्रतिदिन खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक अवकाश के दिन भी कमरा नंबर 62 में यूडी टैक्स से संबंधित सभी कार्य संपादित किए जाएंगे।

1 . उदयपुर में एफसीआई गोदाम को सीज करते हुए

2 . उदयपुर नगर निगम ने शक्तिनगर में तीन दुकानें भी सीज की

## पीएमश्री विद्यालय के अभिभावकों ने विद्यालय स्टाफ के खिलाफ दिया ज्ञापन

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** हम बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजते हैं और स्कूल प्रशासन करवाते है उनसे ज्ञापनबाजी । इस आश्य का आरोप लगाते हुए पीड़ित अभिभावकों ने प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार को ज्ञापन दिया । उल्लेखनीय है कि गत दिनों जसवंतपुरा के राजकीय विद्यालय में एपीओ हुए एक शिक्षक को बहाल करने की राजनीति में किया जा रहा स्कूली छात्राओं का इस्तेमाल करने के लिए विद्यालय छात्रों के अभिभावकों ने आरोप लगाया है । उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन अपनी ज़िम्मेदारी भूल, छात्रङ्कछात्राओं से शिक्षक की बहाली को लेकर दिलवा रहे है तहसीलदार को ज्ञापन । ज्ञापन देने पहुंचे बच्चों को तहसीलदार नीरजकुमारी ने समझाते हुए कहा कि परीक्षा का समय है और आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान दीजिए । इधर स्कूल प्रशासन द्वारा क़रीब 12 साल के विकलांग बच्चे को ज्ञापन देने के लिए ले जाने पर उसके अभिभावक ने विद्यालय स्टाफ पर आरोप लगाया है कि बच्चा बहुत घबराहट के कारण बीमार पड़ गया । ऐसे में विकलांग छात्र के अभिभावक ने भी स्कूल पर जताई है नाराज़गी । उन्होंने कहा कि मेरा बच्चा विकलांग है, चलने में भी वो असमर्थ है, उसके बावजूद उसके स्कूल प्रशासन ज्ञापन देने के लिए तहसील मुख्यालय तक उसको लेकर गये । उन्होंने बताया कि हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते है और स्कूल । मगर स्कूल प्रशासन उनसे अपना उल्लू सीधा करवाने के लिए ज्ञापन दिलवाते ले जाते है । उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहता है कि विकलांग बच्चों को परेशान करने से उनकी हालत कैसी होती है एवं अगर ज्यादा बीमार हो गया तो परिजनों को ही परेशानी उठानी पड़ती है ।

### स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम

## पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं प्रबंधन पर हुई चर्चा

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिले के राजकीय विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम अंतर्गत आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए जिसमें पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं प्रबंधन पर चर्चा हुई। डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में डाइट उदयपुर के परिक्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज विद्यालयों में विभिन्न विधाओं के माध्यम से कार्यक्रम के समस्त 11 मॉड्यूल आधारित विविध बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के ज़िला सह समन्वयक त्रिभुवन चौबीसा के अनुसार आज स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम तहत ऋषभदेव ब्लॉक के देपुर, दौलपुरा, श्यामपुरा, जलपका, गड़ावत,पीपली बी,चिकला, सामला फला,कागदर भाटिया फलासिया ब्लॉक के फलासिया,भामटी गोगुंदा ब्लॉक के राणा,नाल,छपरा, वल्लभनगर ब्लॉक के मोड़ी, बाठरडा, बांसलिया,बालाथल, माल की टूस, गाड़रियावास,महाराज की खेड़ी, उदाखेड़ा, वल्लभनगर, मावली ब्लॉक के फलीचड़ा,बामनिया खेत, सालेरकलां कुराबड़ ब्लॉक के जमुन, फीला, भैंसड़ा कलां,भेकड़ा रामज, रतनपुरा, लालपुरा ,खेरवाड़ा ब्लॉक के बरौठी ब्राह्मणान, नयागांव ब्लॉक के खेड़ा घाटी बड़गांव ब्लॉक के जोधाणा, गिर्वा ब्लॉक के जावर माइंस, उपलवास कुंडाल बाघदडा, भूपालपुरा, बुझड़ा, भींडर ब्लॉक के वरनोदा आदि विद्यालयों में पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबन्धन , इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग ,स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने , हिंसा एवं चोटों के खिलाफ सुरक्षा,मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिकता पर चर्चा की गई। इनके अतिरिक्त जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मंगलवार को स्मार्ट बोर्ड और टीवी के माध्यम से जेंडर समानता,स्वास्थ्य एवं पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य,स्वस्थ बढ़ना, प्रजनन स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण की जानकारी सांझा की गई तथा शक्ति दिवस मनाया जाकर आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स का वितरण किया गया है।

## रोटरी क्लब उदयपुर मीरा निःशुल्क हड्डी रोग, फिजियोथेरेपी एवं बीएमडी शिविर का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की ओर से मंगलवार को शर्मा वूमेन एस हेल्थ फिजियोथेरेपी क्लीनिक एवं जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल के साथ मिलकर। निशुल्क हड्डी रोग, फिजियोथेरेपी एवं बीएमडी शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी मीरा की अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि शिविर में डॉक्टर सौरभ अग्रवाल ऑर्थोपेडिशियन एवं सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर बलदीप शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान करी। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या पर मरीजों ने भाग लेकर उनकी सेवाओं का लाभ उठाया। सोगानी ने बताया कि शिविर आयोजन करने का यह प्रयोजन था कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखें ताकि वह अपने परिवार और समाज के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से स्वस्थ रहकर काम कर सकें। प्रीति जी ने बताया कि रोटरी क्लब मीरा आगे भी इस तरीके के शिविर का आयोजन करता रहेगा। क्लब उपाध्यक्ष कविता श्रीवास्तव, प्रियंका जैन, क्लब चार्टर सचिव मधु सरीन, चार्टर सदस्य पुष्पा कोठारी, ज्योति कुमावत, स्नेहलता सबला। कशिश इसरानी, सविता माथुर, कविता बलदावा मौजूद रही। स्वागत उद्बोधन रोटरी क्लब उदयपुर मीरा अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने दिया तथा सचिव नीलम दुबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाल विवाहों की रोकथाम हेतु नियन्त्रण कक्ष स्थापित

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने आदेश जारी कर आगामी अक्षय तृतीया (आखातीज), पीपल पूर्णिमा जैसें पर्वो पर एवं अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के आयोजन की सम्भावनाओं एवं बाल विवाहों की रोकथाम संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। आदेश के अनुसार नियन्त्रण कक्ष 24 घंटे कियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी दिलीप सिंह संस्थापन अधिकारी जिला कलक्टर कार्यालय तथा सहायक प्रभारी अधिकारी जगपाल भाटिया प्रशासनिक अधिकारी जिला कलक्टर कार्यालय रहेंगे। जिला बाल विवाह नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02964-232262 रहेगा। प्रथम पारी में पुस्तकालयाध्यक्ष रमेश कुमार, वरिष्ठ अध्यापक चिमनलाल यादव प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 2रू00 बजे तक, अपराहन 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक द्वितीय पारी में कनिष्ठ सहायक मुकेश गमेती, मयंक पण्डया, अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तृतीय पारी में कनिष्ठ सहायक रवि कुमार रोत, सुरेन्द्र दायमा, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उपस्थित देंगे। आरक्षित पारी में कनिष्ठ सहायक खुमाण कोटेड व प्रयोगशाला सहायक हरिश कुमार प्रजापत दिए गए निर्देशानुसार कार्य संपन्न करेंगे। जिला बाल विवाह नियंत्रण कक्ष हेतु नियुक्त कर्मचारियों को संबंधित कार्यालयध्क्ष को तत्काल कार्यमुक्त कर नियन्त्रण कक्ष में उपस्थिति देने हेतु पाबंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भारत 2047 संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उच्च शैक्षणिक संस्थानो की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. अजय कुमार शर्मा, कुलपति

● पदमावत मीडिया



**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा समर्थित एवं राजस्थान विश्वविद्यालय लीड नॉलेज इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक दिवसीय 卐विकसित भारत 2047 विज़न, मिशन और चुनौतियां卐 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिखाराम चांदमल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हरीराम अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि गगन भाटिया डिप्टी डायरेक्टर आई स्टार्ट थे। डॉ अंशु भारद्वाज,नोडल ऑफिसर,लीड नॉलेज इंस्टीट्यूट राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर नें कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि पुरे राजस्थान में सभी संभागों में राजस्थान सरकार द्वारा यह कार्यशाला का आयोजन हो रहा है उसके पश्चात् राज्य स्तरीय कार्यशाला जयपुर में आयोजित होगी।बीकानेर संभाग कार्यशाला संयोजक डॉ. ममता शर्मा पारीक एवं डॉ. गायत्री शर्मा के संयोजन में अर्थशास्त्र और वित्त, विज्ञान प्रौद्योगिकी और उभरते क्षेत्र, हरित संक्रमण सहित बिजली क्षेत्र, रोजगार और कौशल विकास, पेयजल एवं सिंचाई, उद्योग एवं अवसंरचना, कृषि एवं शहरी विकास, सामाजिक क्षेत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमे विवेक व्यास सहायक प्रोफेसर, एसकेआरएयू, वरिष्ठ वैज्ञानिक,नरेंद्र, फोटोन एनर्जी और तकनीकी प्रमुख विवान एंटरप्राइजेज से भरत कुमार पुरोहित, आई स्टार्ट बीकानेर के शहवात, उद्यमी आशीष अग्रवाल भीकाराम चांदमल बीकानेर, उद्यमी डॉ. रीमा राठौड़, शहरी परिवहन अभियंता डॉ. विमल गहलोत, संगीतज्ञ (शास्त्रीय संगीत) एवं सामाजिक कार्यकर्ता आचार्य राजेंद्र जोशी, अधीक्षण रसायनज्ञ, पीएचईडी क्षेत्रीय प्रयोगशाला मनोज शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्र के विख्यात विषय विशेषज्ञों ने अपना व्याख्यान दिया।मुख्य अतिथि हरिराम अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना, हर भारतीय की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है। 2047 तक, आज़ादी के 100 वर्षों का जश्न मनाते हुए, हम अपने देश को एक समृद्ध, समावेशी और सतत विकासशील राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। कुलपति प्रो.अजय कुमार शर्मा एवं डीन एकेडमिक्स डॉ यदुनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि युवाओं से जुड़ने और विकास के पथ पर उनका मार्ग दर्शन करने में शिक्षकों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही युवा अगली पीढ़ी के छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में उनकी मदद करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, युवाओं का इस आंदोलन में शामिल होना और विकसित भारतश्च2047 पर अपने सपने और दृष्टिकोण को साझा करना महत्वपूर्ण है।

# अवैध रूप से संचालित माइनिंग व मिनरल्स बंद करवाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## गांव के तालाब के किनारे हो रहा है अवैध खनन, कभी भी तालाब को हो सकता है नुकसान

● पदमावत मीडिया


**उदयपुर।** उदयपुर जिले के कानोड़ तहसील के पाणुन्द गांव में अवैध रूप से संचालित माइनिंग व मिनरल्स के विरोध में मंगलवार को उदयपुर जिला कलेक्टर एवं संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पाणुन्द पटवार हल्का-पाणुन्द भू.अभि.नि. क्षेत्र कानोड, तह. वल्लभनगर, उदयपुर भूमि आराजी नं. 441 स्थित है। जो गांव पाणुन्द के आबादी क्षेत्र से मात्र 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। उक्त भूमि के पास पानी का एकमात्र स्त्रोत एक सार्वजनिक तालाब, आस-पास में कृषि भूमि, बच्चों का खेल का मैदान पेड-पौधे पशुधन आदि स्थित है। भू माफियाओं की ओर से लगातार पहाड़ी क्षेत्र का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे भविष्य में कभी भी तालाब को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि के पास में आराजी नं. 464/1, 441 में सिंचाई परियोजना पाणुन्द के नाम से भी सरकार द्वारा स्वीकृत है जो कि भविष्य के लिए कृषि हेतु एक बडा मुख्य पानी का स्त्रोत है और माइंस से जो बारीक पाउडर वेस्टेज बहकर जा रहा है वह निकटवर्ती गौमती नदी में जा रहा है, जिस नदी से जयसमंद झील जल से भरती है। अवैध खनन कर रखा है। इनमें चलने वाले बड़े-बड़े डम्पर सडक़ को पुरी तरह से गड्ढों में बदल दिया है। जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ आने-जाने वाले राहगीर भी परेशान है। ग्रामीण लक्ष्मीलाल डूंगावत व हीरालाल गोकलावत ने बताया कि सरकार की ओर से प्रशासन गांव के संग शिविर जब गांव में लगा था उस समय में भी ग्रामीणों ने एसडीएम व तहसीलदार को भी ज्ञापन दिया था लेकिन उस शिविर में भी कोई समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं संभागीय आयुक्त से उक्त ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों के हित में फैसला लेकर उचित कार्रवाई करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि पर विपक्षी गणों द्वारा स्टोन मिनरल्स प्लांट लगा दिए है तथा उनका संचालन किया जा रहा है। उक्त भूमि पर स्थित प्लांट आबादी क्षेत्र कृषि भूमि एवं सार्वजनिक तालाब के पास होने से पूर्णतया अवैध रूप से संचालित किए जा रहे है। ज्ञापन देने में ग्रामीण लक्ष्मीलाल डूंगावत, हीरालाल पतावत, नाथूलाल धूलावत, हीरालाल गोकलावत, भगवती प्रसाद हीरावत, गणेशलाल डूंगावत, नारायण हीरावत, जमनेश डूंगावत, निर्मल डूंगावत, डालचंद बोरीवाला, दीपक डूंगावत, कैलाश डूंगावत, विजय डूंगावत, मनीष गोन्दावत सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# पर्यटन के बाजार में पर्यावरण, इतिहास और शहर हो रहे हैं नीलाम, प्रकृति का विनाश हुआ तो कुछ नहीं बचेगा : विधायक

● पदमावत मीडिया

**नाथद्वारा।** माननीय नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने राजस्थान विधानसभा में पर्यटन को विस्तार देने के नाम पर जंगलों की अंधाधुन कटाई पर विधानसभा में गंभीर मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर प्रकृति का विनाश किया जा रहा है। पर्यटन के बाजार में पर्यावरण, इतिहास और शहर नीलाम हो रहे हैं। सिद्धांतों को ताक पर रख कर उदयपुर, नाथद्वारा, कुंभलगढ़ आदि क्षेत्र में जंगलों की कटाई होकर होटल और रिजॉर्ट बनाए जा रहे हैं। मगरे, जंगल, पर्यावरण और वनीकरण के सिद्धांतों को ताक पर रख कर किया जा रहा विकास कहां तक स्वीकार्य है। विश्व में सिर्फ 31 वेटलैंड शहर हैं जिनमें एक उदयपुर भी है, लेकिन यहां भी वेटलैंड से जुड़े नियमों का पालन होता दिखाई नहीं देता। एक महत्वपूर्ण प्रकरण का जिक्र करते हुए विधायक मेवाड़ ने कहा कि वर्ष 1970 में उदयपुर कलक्टर के आदेश से 50 बीघा भूमि चारगाह से बिलानाम दर्ज करने की स्वीकृति दी गई। आदेश से यह भूमि नाथद्वारा नगरपालिका को सुपुर्द कर दी गई। 1973 में 765 बीघा 16 बिस्वा चारागाह भूमि को वन विभाग को हस्तांतरण कर दी। यह नामांतरण तहसीलदार द्वारा दस साल बाद 1983 को ही किया गया और उल्लेखनीय है कि इस नामांतरण में नगरपालिका को आबादी विस्तार हेतु वर्णित 50 बीघा भूमि भी शामिल की गई। वन भूमि में से 1993 को 286 बीघा और 18 बिस्वा को अनाधिकृत क़ब्ज़ा माना गया और न्यायालय वन बंदोबस्त अधिकारी उदयपुर के 2006 निर्णय में इस 286 बीघा 18 बिस्वा को भी वन क्षेत्र में गिना गया। राजस्व मंडल न्यायालय ने 22 अगस्त 2019 को निर्णय दिया कि भूमि आबादी विस्तार की या वन क्षेत्र की भूमि है, इसका प्रकरण राजस्थान सरकार के दो विभागों के मध्य का है एवं प्रकरण को नियमानुसार निस्तारण के लिए मुख्य सचिव राजस्थान सरकार जयपुर को भिजवाया जाए। इन सभी गतिविधियों का परिणाम यह हुआ कि अतिक्रमण तो है ही लेकिन जिस जगह के लिए निवासियों को नगरपालिका ने पट्टे जारी किए, वे वन क्षेत्र में गिने जा रहे है। प्रशासन के कार्य और शासन की अनदेखी के कारण इन प्रभावित लोगों को नुक़सान पहुँचा है। दोहरी नीति भी यहाँ स्पष्ट है, बिना कोई ठोस कारण के सरकारी इ?मारत ग्रीन बेल्ट में बन सकती है, होटल भी फारेस्ट, ग्रीन बेल्ट, तालाबों किनारे बन सकते हैं, लेकिन पट्टा शुदा निवासियों को 55 साल भी न्याय के लिया काफी नहीं हैं। 2019 से 2023 तक शासन के द्वारा अनदेखी का कारण, अन्दाज क्या लगाएं, हम सब जानते हैं कि उस समय सरकार किसकी थी, मगर सरकार से आग्रह है कि शासन की संवेदशीलता से प्रशासन से, प्रशासन के कार्य को सुधारें ताकि लोगों को अपना हक मिल सके 1970 से 2025, यह कोई कम समय नहीं है। विधानसभा में संबोधित करते हुए श्री मेवाड़ ने कहा कि 1961 में राजस्थान का वन क्षेत्र 39,420 वर्ग किमी था जो कि 2019 - 20 में 32,845.3 वर्ग किमी रह गया। जिस तरह से वन क्षेत्र लगातार घट रहे हैं यह वन विभाग की कार्यशैली बताता है लेकिन वन क्षेत्र घटना केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है सभी विभागों की जिम्मेदारी है जिनके माध्यम से अलग-अलग कार्य होते हैं। उन्होंने आगे पर्यावरण पर चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया भर में पर्यावरण के लिए नीतियां हैं जो दुनियाभर मानती है खास तौर से यह कि हमको पर्यावरण के प्रति सावधानी रखनी चाहिए जहां नुकसान हो रहा है वहां नुकसान बंद करना चाहिए जो नुकसान कर रहा है उसे भरपाई करनी चाहिए। पर्यावरण किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं सब विभागों को साथ मिलकर पर्यावरण संभालना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि राजस्थान सरकार की जो बजट है यह पहला ग्रीन बजट है और ग्रीन बजट का उद्देश्य ही पर्यावरण को संभालना है और जो लोग पर्यावरण के प्रति काम करते हैं उनके लिए भी लाभदायक पहल है। अगर हम यह सब सिद्धांत ध्यान में रखते हुए कम करें तो सफलता क्यों न प्राप्त हो। लेकिन पिछले कुछ दशकों में देखा जाए तो जहां ज्यादा हरियाली है वहां सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने पर्यटन उद्योग पर चर्चा करते हुए कहा कि जहां पर्यटन उद्योग से जंगलों को नुकसान पहुंचा है, अगर जंगल ही नहीं बचेंगे तो पर्यटक देखेंगे क्या? उन्होंने बताया कि जिस तरह उदयपुर को झीलों और बगीचों के लिए जाना जाता था वहां आज एक भी तालाब और बगीचा साफ नहीं दिखाई देते हैं। जिस तरह से तालाबों के किनारे होटल,रेस्टोरेंट और मगरे पर सरकारी भवन बना रहे हैं, और जहां हरियाली बची हुई है वहां और होटल बन रही है, उनकी सहूलियत के लिए और रास्ते बना रहे हैं इसे मैं हरियाली तो कहीं रही ही नहीं है। दुनिया में कई शहर जिन्हें वेटलैंड घोषित किया गया है और हाल ही में उदयपुर को भी वेटलैंड घोषित किया गया, लेकिन वेटलैंड के कानून माने के लिए कोई तैयार ही नहीं है। पर्यटन के बाजार में नीलाम हो गया है। माउंट आबू की दुर्दशा की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कुंभलगढ़ की दशा बताते हुए कहा कि कुंभलगढ़ जो जंगलों से उभरा हुआ है किला था बहुत जल्द से होटल से उभरा हुआ नजर आएगा। हल्दीघाटी जो एक रण क्षेत्र है वहां इमारत बनाई जाएगी तो वहां का वातावरण खराब हो जाएगा जिन्होंने बलिदान दिया उनका निरादर होगा। नाथद्वारा का आप देखेंगे तो अब हर पहाड़ हर मगरे पर रास्ते बन रहे हैं, मार्ट बन रहे हैं, हम स्कूल में तो पेड़ लगाते हैं बच्चों को सिखाते हैं लेकिन उनको अपनी नजर ऊपर घुमानी है वह देखेंगे मगरों का तो कत्ल हो रहा है। इन सब चीजों पर ध्यान देना चाहिए और अगर आवश्यकता हो तो नीतियों को भी बदलना चाहिए।



## राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में पीएम किसान योजना के संतृप्ति अभियान को लेकर उठाया सवाल




● पदमावत मीडिया

आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजसमंद की माननीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भारत सरकार द्वारा पीएम किसान योजनाओं से वंचित किसानों को शामिल करने के लिए चलाए जाने वाले संतृप्ति अभियान÷ के संबंध में प्रश्न पूछा। इस पर माननीय मंत्री जी ने जवाब देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि सरकार ने पीएम किसान पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिससे लाभार्थियों को स्व-पंजीकरण की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही चेहरा पहचान आधारित ई-केवाईसी जैसी सेवाएं भी इस पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देशभर में पांच लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) हैं, जहां किसान पंजीकरण करवा सकते हैं। मंत्री जी ने यह भी बताया कि समय-समय पर संतृप्ति अभियान चलाए जाते हैं, ताकि कोई भी पात्र किसान छूट न जाए। मंत्री जी ने अंत में यह भी कहा कि हम हर एक पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## जल संरक्षण का दिया संदेश




● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा मंगलवार को ग्राम पंचायत पचलासा बडा, पंचायत समिति, साबला पहुंची। अतिरिक्त निदेशक जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, जयपुर के एस.एस.व्यास ने परियोजना व वर्षा जल संरक्षण का उद्देश्य इसके प्रति लोगो को जागरूक करने व जल संरक्षण के महत्व को बताया। अधीक्षण अभियन्ता, हरिमोहन मेहर ने जल संरक्षण की शपथ दिलाकर विभाग के कार्यों से विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लक्ष्मीदेवी मीणा ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी जयेश सेवक ने वर्षा जल संरक्षण के प्रति स्थानीय लोगो को जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड, जिला परिषद्, राजेन्द्र परमार, अधिशाषी अभियन्ता महेश ओझा, मुलाराम सोलंकी, रवि कटारा, सरपंच प्रभुलाल मीणा पचलासा छोटा, पिंकी देवी, काब्जा, धुलजी मीणा, रायकी विकास अधिकारी वालसिंह राणा, सहायक अभियन्ता रितेश सुमन, कनिष्ठ अभियन्ता योगेश जोशी, खुमानसिंह, जोरावरसिंह सहित तीन सौ से अधिक ग्रामवासी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पूजा अर्चना के बाद महिलाओं की कलश जल यात्रा ढोल नगाडे के साथ हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। इसके साथ जलग्रहण यात्रा रथ चला। कार्यकम में कठपुतली शो द्वारा जल संरक्षण का संदेश दिया गया। उसके बाद तालाब किनारे पौधारोपण कार्यकम हुआ। मंदिर के पास नवीन कार्य का भूमि पूजन एवं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कार्य किया गया। कार्यक्रम में निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं जल संरक्षण प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रतापसिंह द्वारा किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमानसिंह राठौड के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यकम किया गया।

## विकसित भारत युवा संसद में सपनों का भारत गढ़ेंगे युवा

### पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 16 मार्च

### उदयपुर, सलूम्बर और राजसमंद के युवाओं को मिलेगा विधानसभा में बोलने का मौका

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने विकसित भारत युवा संसद पोस्टर का विमोचन किया। एमजी कॉलेज एनएसएस प्रभारी और युवा संसद की संयोजक डॉ सुनीता आर्य और डॉ सावित्री पाटीदार भी उपस्थित थीं। डॉ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है और अब तक 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन करवाया है। युवा संसद के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च कर दी गई है। उदयपुर, सलूम्बर और राजसमन्द जिले के 18 से 25 वर्ष तक के युवा कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। किसी भी संकाय के रेगूलर या प्राइवेट स्टूडेंट और पढ़ाई छोड़ चुके युवा भी शामिल हो सकते हैं। 'विकसित भारत से आप क्या समझते हैं' इस विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर 16 मार्च तक अपलोड करना होगा। द्वितीय चरण में चयनित 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त विषय पर अपने विचार रखेंगे। 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय युवा संसद राजस्थान विधानसभा में होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 8696163508 पर और राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय या नेहरू युवा केंद्र उदयपुर में संपर्क कर सकते हैं।

## बिजली मित्र मोबाइल एप : डिजिटल इंडिया मिशन की मंशा का साकार रूप

### आमजन को अपने स्मार्टफोन पर मिल रही है विद्युत निगम की सेवाएं

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की डिजिटल इंडिया मिशन की मंशा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 'बिजली मित्र' मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह मोबाइल एप उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से प्रदान करता है, जिससे सेवाओं में पारदर्शिता और सुलभता बढ़ी है। यह एंड्रॉयड मोबाइल एप प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### बिजली मित्र एप की विशेषताएं

बिजली मित्र ऐप उपभोक्ताओं को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करता है:

बिजली बिल भुगतानः उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं, जिससे समय और श्रम की बचत होती है।

शिकायत दर्ज करनाः बिजली कटौती, मीटर खराबी या अन्य समस्याओं की शिकायतें सीधे एप के माध्यम से दर्ज की जा सकती हैं, जिससे त्वरित समाधान संभव होता है।

बिजली उपभोग की जानकारीः उपभोक्ता अपने मासिक बिजली खपत और बिल इतिहास की जानकारी ऐप के डैशबोर्ड पर देख सकते हैं, जिससे वे अपनी बिजली खपत पर निगरानी रख सकते हैं।

मीटर डिटेल्सः मीटर से संबंधित सभी जानकारी एप पर उपलब्ध होती है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त जानकारी के लिए एवीवीएनएल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होती।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा की मंशा है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। बिजली मित्र एप के माध्यम से बिजली सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने हाल ही में 'अटल ज्ञान केन्द्रों' की स्थापना की घोषणा की, जो ग्रामीण युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेंगे। इन केन्द्रों पर ई-मित्र की तर्ज पर विभिन्न जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण स्तर पर आमजन के कार्य सुलभ और सुगम होंगे। बिजली मित्र एप इसी डिजिटल दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो बिजली सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाकर उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाता है।

ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर

राज्य सरकार का लक्ष्य राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है, जिससे राज्य न केवल अपनी बल्कि अन्य राज्यों की बिजली मांग को भी पूरा करने में सक्षम होगा। बिजली मित्र एप के माध्यम से बिजली सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाया जा रहा है, जो राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी उदयपुर के प्रेसिडेंट एवं जिला कलेक्टर नमित मेहता के दिशा निर्देशन में सोसाइटी द्वारा आर्य समाज हिरण मगरी सेक्टर 4 के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आर्य समाज भवन हिरण मगरी में आयोजित हुआ। शिविर संयोजक नरेंद्र प्रसाद माथुर ने बताया कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण, नेत्र परीक्षण, डेंटल चेक अप, बीएमआई परीक्षण नेचुरोपैथी एवं स्वास्थ्य संबंधित परामर्श, फिजियोथैरेपी सेवाएं, स्त्री रोग सेवाएं क्षेत्र विशेष के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई । शिविर से 192 छात्राएं और 80 आमजन लाभान्वित हुए। आर्य समाज हिरण मगरी के प्रधान भंवरलाल आर्य, मंत्री डॉ वेद मित्र आर्य, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र भंसाली, मानद सचिव सुनील गांग और चिकित्सा प्रकल्प समन्वयक डॉ.'राजश्री गांधी ने शिविर का नेतृत्व किया। प्रोफेसर डॉ. अमृतलाल तापड़िया ने अध्यक्षता की । समापन समारोह में डॉ अनुराधा मांगा, डॉ हरविंदर सिंह चुंडावत, डॉ नमन जोशी शर्मा, गोल्डी शर्मा, डॉ विनीता बाघेला, डॉ नरपत सिंह, डा संतोष कुमार, डॉ आलीना शेख आदि ने चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की। किडीज पैराडाइज सोसायटी,उदयपुर की संस्थापिका श्रीमती बेलाजी ने चिकित्सकों का विशेष अभिनंदन किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष राकेश बापना ने आभार जताया। शिविर में आजीवन सदस्य भामाशाह प्रेमलता मेहता, गर्ग, चंद्रकला अग्रवाल, सुभाष मेहता, शांतिलाल अग्रवाल, मुरली सोनी एवं आजाद बोर्दिया की विशेष सेवाएं रही। संचालन आजीवन सदस्य डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने किया।

## होली, रंगपंचमी और रमजान पर शांति एवं कानून व्यवस्था रखें बहाल : डीजीपी

● पदमावत मीडिया



**भोपाल।** होली, रंगपंचमी और ईद के त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बहाल रहे और सौहार्द बना रहे, इसके दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में समस्त समस्त एडीजी/आईजी, पुलिस आयुक्त भोपाल एवं इंदौर,रेंज डीआईजी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक शामिल हुए । बैठक में स्पेशल डीजी सीआईडी श्री पवन श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा एडीजी (इंटेलिजेंस) श्री योगेश देशमुख और आईजी लॉ एंड ऑर्डर श्री अंशुमान सिंह भी उपस्थित रहे।

**सौहार्द के साथ मनाए जाएं सभी त्यौहार**

डीजीपी श्री मकवाणा ने कहा कि प्रदेश भर में आयोजित होने वाले त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के लिए हमें तैयार रहना है। त्यौहारों में नागरिक उत्साहपूर्वक सम्मिलित हो रहे हैं, जिसके दृष्टिगत पुलिस की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक पूरे बल की गहन समीक्षा कर सभी संवेदनशील तथा उपयुक्त स्थल पर पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करें। ग्राम/नगर रक्षा समिति तथा ग्राम कोटवारों का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि जिला एवं थाना स्तर के अलावा आवश्यकतानुसार बीट्स, मोहल्ला पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित करें। बीट स्तर की इंटेलीजेंस को अत्यधिक सक्रिय रखें।

**सामुदायिक पुलिस के माध्यम से संवाद और समन्वय बनाए रखें**

डीजीपी ने रमजान, होली और रंगपंचमी के अवसर पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलों में शांति समितियों की बैठकें करने के साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी धर्मगुरुओं से समय-समय पर संवाद और समन्वय बनाए रखें। कहीं किसी प्रकार की समस्या या परेशानी होने की स्थिति में उसका समाधान समय से सुनिश्चित कराया जाए। त्योहारों के मद्देनजर सभी ध्यान रखें कि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे।

**महिला सुरक्षा के प्रति रहें सजग**

डीजीपी श्री मकवाणा ने कहा कि त्यौहारों के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि महिलाओं के साथ कोई अभद्रता की घटना ना हो। महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**अवैध शराब कारोबारियों और असामाजिक तत्वों पर रखें विशेष नजर**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी श्री मकवाणा ने बल देते हुए कहा कि होली और रंगपंचमी पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए तैनात रहें। विशेष तौर पर अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की जाए। लाइसेंसी शराब दुकानें शासन के निर्धारित समय पर खुलें एवं बंद हों, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। वहीं डीजे पर आपत्तिजनक गाने ना बजाए जाएं, इसके लिए डीजे संचालकों को निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि अवांछित तत्वों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। सभी संवेदनशील क्षेत्रों व हॉट स्पॉट की लिस्ट बनाकर वरिष्ठ अधिकारी खुद उनका भ्रमण करें व सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों और मिली-जुली आबादी वाले क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करें। उन्होंने सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के जरिये निगरानी और प्रमुख स्थानों पर डायल 100 की पीआरवी को मुस्तैद किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही माइनर एक्ट, अवैध शराब, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों पर भी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड के साप्ताहिक विशेष में महिला दिवस मनाया

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड के साप्ताहिक विशेष में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मानते हुए मधुबाला पंडित द्वारा ईश वंदना के पश्चात सभी उपस्थित महिला सदस्यों को उपर्णा ओड़ाकर एवं वाधवानी जी द्वारा रोज बड देकर स्वागत किया गया व मंच संचालन भी बारी बारी से महिला सदस्यों द्वारा ही किया गया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की संस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रारंभ भाटी साहब द्वारा तुम्हे जिंदगी के उजाले से किया, फिर रजनी जोशी द्वारा रंग डारो नहीं पर बार बार, अशोक जोशी ने ये दिल तुम बिन कही, सपना वर्मा ने इस तरह होली में नहाएंगे ह, उषा इन्टोडिया ने तू है नारी,तू बढ़ती चल, नरेश शर्मा ने मां के सम्मान में स्वरचित कुछ पंक्तियां पेश की, निर्मल दुगड ने किन शब्दों में दूं परिभाषा, अरुण चौबीसा ने लिखने वाले ने लिख डाली, नीला कौशल ने हास्य रचना पति नामक इस बीमारी का, सुरेश गोयल ने रंग मत डारो रे, अशोक चौबीसा ने महिला दिवस के मनाए जाने पर विशेष प्रकाश डाला, मधु शर्मा ने तू कितनी अच्छी है, भगवती इंद्रावत ने नारी है तो परिवार है, हेमा जोशी ने सभी पराए हो जाते है, कौशल जी न क्यों मारो इने कोख में, बृज राज सोनी ने÷धरती की तरह हर दुःख, ईश्वर जैन ने रंग बिरंगे जैसी अपनी अपनी से सब को भाव विभोर कर दिया। मंच को बी.एल.वर्मा, नरेश शर्मा , मधुबाला पंडित , सुशीला सुखवाल, श्रीमती मारू ने सुशोभित किया। वर्मा जी के अध्यक्षीय संबोधन के बाद राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

## पंजाब के राज्यपाल 12 से उदयपुर प्रवास पर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया बुधवार 12 मार्च से उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कटारिया को 12 मार्च को शाम 6.35 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे 18 तक उदयपुर प्रवास पर रहते हुए विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान 17 मार्च को सुबह 11 बजे से सर्किट हाउस में आमजन से संवाद भी करेंगे। श्री कटारिया 18 मार्च को सुबह 9.55 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## 30 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा राजस्थान फेस्टिवल 2025

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य सरकार के पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशानुसार राजस्थान फेस्टिवल 30 मार्च, 2025 का प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। उदयपुर की पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थानी संस्कृति से ओत-प्रोत विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला व संभाग स्तर पर सभी स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। वहीं राजस्थानी लोक कलाकारों व स्थानीय प्रतिभाओं को सम्मिलित करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इसके साथ ही थियेटर, पेन्टिग व फोटोग्राफी प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओ को पर्यटन स्थलों व राजकीय स्मारकों पर का निःशुल्क भ्रमण करवाया जाएगा।

मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ अभिनंदन कार्यक्रम

# व्याधि का हुआ समाधान तो...नन्हें चेहरों पर लौटी मुस्कान

**सर्जरी किए गए बच्चों एवं अभिभावकों का जिला कलेक्टर ने किया अभिनंदन**

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हुई कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज सर्जरी**



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** हाथ में लाल रंग के गुब्बारे लिये नन्हें बच्चे और हर बच्चे के चेहरे पर खिली मुस्कान...जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा था मंगलवार को जिले कलेक्ट्रेट सभागार का। जहां राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचडी यानी कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज के सफल ऑपरेशन के लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जयपुर प्रथम एवं द्वितीय द्वारा योजना के तहत लाभांवित हुए 21 बच्चों का केक काटकर एवं उपहार प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सीएचडी में सर्जरी किए गए बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद भी किया। उन्होंने अभिभावकों से भी यह अपील की कि वे इस मौके पर संकल्प लें कि उनके आस पड़ोस में इस प्रकार का कोई बच्चा हो जो सीएचडी से ग्रसित हो तो वे उस बच्चे के उपचार में सहयोग करेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम विनीता सिंह ने बताया कि चिकित्सा विभाग का राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम उन बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है जो जन्म से ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयासों की वजह से न केवल इन बच्चों का इलाज निःशुल्क किया गया बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की राह भी दिखाई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग, सीएमएचओ और राजस्थान बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रयास प्रशंसनीय हैं और इस पुनीत कार्य को उत्तरोत्तर नए मुकाम देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, आरसीएचओ जयपुर प्रथम डॉ. आशा मीणा, आरसीएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. प्रमिला मीणा, डीआईईसी मैनेजर, जयपुर प्रथम संगीता शर्मा, एडीएनओ जयपुर द्वितीय डॉ. दिलीप शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जयपुर प्रथम अखिलेश शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी जयपुर द्वितीय श्रीमती रिचा सारस्वत मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने दूषित व अवधि पार आठ किलो घी को नष्ट कराया व सात खाद्य पदार्थों के नमूने लिए






● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** होली पर्व को मध्य नजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। सलूंबर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 7 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए होली पर्व को लेकर सलूंबर जिले में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गोइटे व कलेक्टर अवधेश मीणा के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) डॉक्टर महेंद्र कुमार परमार के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है । खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी ने बस्सी में कृष्णा मिष्ठान्न भंडार एंड डेयरी पार्लर से मावा बर्फी, गुलाबजामुन खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए साथ ही विक्रेता को खाद्य अनुज्ञा पत्र उचित स्थान पर प्रदर्शित करने साफ-सफाई रखने, कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनाने, पेस्ट कंट्रोल करने के निर्देश देते हुए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जयसमंद कस्बे में कमलेश किराना एंड जनरल स्टोर का निरीक्षण किया जहां पर निरीक्षण के दौरान 8 किलो देसी घी दूषित व अवधि पार पाया गया जिसे जनहित में मौके पर ही नष्ट कराया गया उक्त प्रतिष्ठान से सूजी, नमक, बेसन चाय पत्ती, घी के 5 नमूने लिए गए हैं। अभिहित अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि लिए गए सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार उचित विधिक कार्य अमल में लाई जाएगी। त्यौहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध और स्वच्छ खाद्य सामग्री मिले इसके लिए सभी खाद्यकारोबार कर्ताओ से अपील की जाती है कि खाद्य सामग्री बनाने में उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री को काम में लें, साफ सफाई एवं हाइजीन का विशेष ध्यान रखें, खुले में खाद्य सामग्री को ना रखे, खुला तेल और खुले मसाले बेचना कानूनन प्रतिबंधित है साथ ही बिना खाद्य अनुज्ञा पत्र/ फूड लाइसेंस के कोई भी खाद्य कारोबार कर्ता खाद्य सामग्री को बेचते हुए, निर्माण करते हुए परिवहन करते हुए या स्टोरेज करते हुए पाया जाता है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान के अनुसार सजा एवं जुमाने का प्रावधान है। डॉ महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि संपूर्ण जिले में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी खाद्यकारोबार कर्ताओं को दिए गए निर्देशों के खिलाफ कार्य करने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी एवं मिलावट करने वालों को किसी भी स्थिति में बक्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- फेज 4

# प्रदेश के 1630 गांव-ढाणियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगाः उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के तहत प्रदेश की लगभग 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि अनुमानित 3 हजार 500 करोड़ की लागत से लगभग 5 हजार किमी पक्की सड़कों का निर्माण करवाकर दूरदराज के गांवों, ढ़ाणियों/बसावटों को सर्वकालिक सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत स्थापित राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोडना हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे न केवल परिवहन सुगम एवं तीव्र होगा बल्कि आर्थिक विकास के भी नये द्वार खुलेगें।

### सर्वे में प्रथम रहे है, क्रियान्वयन में भी शीर्ष पर रहे

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण में सड़कों के सर्वे में प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा है उसी गति से सड़क निर्माण में भी काम करवाये ओर प्रदेश को देश में शीर्ष स्थान पर लाये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से यथाशीघ्र स्वीकृतिया प्राप्त करके शीघ्र सड़कों का निर्माण शुरू करवाये। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रदेश की 1630 ग्रामीण बसावटों में सड़कों हेतु सर्वे का कार्य 31 जनवरी 2025 से पूर्व ही करवाया जा चुका है। देश में राजस्थान द्वारा यह सर्वे सबसे पहले पूरा करवाया गया है। इसके तहत 1374 मरूस्थलीय, जनजातीय एवं आशान्वित जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित बसावटों, 500 से 999 आबादी की 191 बसावटों, 1000 एवं उससे अधिक की 30 बसावटों तथा धरती आभा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत 35 बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी व्यक्त की प्रदेश का पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत सड़क निर्माण में निर्मित लम्बाई के दृष्टिकोण से देश में दूसरा स्थान है। उन्होनें प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत करवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति 2025-29, रिन्यूअल से शेष मदिरा दुकानों की ऑनलाईन समूहवार नीलामी

**दुकानों के समूहवार नीलामी पर कोर्ट का स्टे नही, भ्रामक अफवाहों से बचेः आबकारी आयुक्त**

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता व सरलीकृत व्यवस्वथा के साथ किया जा रहा है। प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत शेष रही मदिरा दुकानों की समूहवार नीलामी की ऑनलाईन प्रक्रिया मंगलवार को प्रारंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि समूहवार नीलामी के संबंध में हाईकोर्ट बैंच जयपुर में दायर याचिका पर न्यायालय ने स्टे नही दिया है अतः आवेदनकर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना संशय के ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा अधिकतम मदिरा दुकानों का रिन्युअल कर लिया गया है। शेष दुकानों के समूहवार अथवा कलस्टर ऑनलाईन नीलामी 11 मार्च 2025 से पारदर्शिता के साथ की जा रही है। समूहवार नीलामी पर रोक के संबंध में हाईकोर्ट बैंच में दायर स्टे याचिका को माननीय न्यायालय द्वारा स्टे नही दिया गया है। इस प्रकार मदिरा दुकानों के पुराने अनुज्ञाधारी एवं नये आवेदनर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना किसी संशय के मदिरा दुकानों की समूहवार ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि मदिरा दुकानों की समूहवार ऑनलाईन नीलामी के तहत मंगलवार दोपहर 12 बजे तक 300 कलस्टर पर पर ईएमडी जमा हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि नवीनीकरण से शेष रही दुकानों का समूहवार ऑनलाईन नीलामी, ई-बिड आवेदनकर्ता अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से मंगलवार सांय 4 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर ई-बिड में शामिल हो सकते है।

महिलाओं ने हर्बल गुलाल से बनाई अपनी अलग पहचान

# हर्बल गुलाल से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं महिलाओं के कदमः अतिरिक्त जिला कलेक्टर



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिले के नठारा में प्रधानमंत्री वन धन योजना के तहत धराल माता वन धन विकास केंद्र की महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सराडा ब्लॉक के नठारा की धराल माता वन धन विकास केंद्र की आठ महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर अपनी अलग पहचान बना रही हैं इन्होंने लगभग अब तक तीन सो पच्चीस किलो से अधिक हर्बल गुलाल तैयार किया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने अवलोकन कर महिलाओं से संवाद भी किया और गुलाल तैयार करने की प्रक्रिया को बारीकी से देखा ओर कहा कि इनका यह प्रयास न केवल आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि लोगों को रासायनिक मुक्त और प्राकृतिक रंगों से सुरक्षित होली मनाने का भी अवसर दे रहा है।अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं हर्बल गुलाल का उपयोग करें और रासायनिक रंगों से बचकर प्राकृतिक और सुरक्षित होली का त्यौहार मनाएं। समूह की महिला वन धन मैनेजर चम्पा मीणा ने बताया कि वे हर्बल गुलाल बनाने के लिए रजगे और पलाश के फूलों एवं पालक का उपयोग करती हैं, जिससे यह गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक और त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। यह पहल न केवल एक स्वस्थ विकल्प प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है महिलाएं अब स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। निरीक्षण के दौरान टीएडी विभाग वेद प्रकाश, पवन मेहता, सहित वन सखी मंजू मीणा, पार्वती देवी, लक्ष्मी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिविर में 86 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जैन नवयुवक मंडल सेक्टर 11-13 एवं महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में हिरण मगरी, से.11 स्थित महावीर भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाराणा भूपाल चिकित्सालय ब्लड बैंक के चिकित्सक एवं तकनीकी सहयोगी के सहयोग से 135 रक्तदाताओं के रजिस्ट्रेशन में से 86 यूनिट का रक्तदान संभव हुआ। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि विधायक ताराचंद जैन ने युवा टीम की प्रशंसा की। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र के युवा अध्यक्ष सुनील गांग द्वारा अपने जीवन में 36वीं बार रक्तदान किया एवं बहुमूल्य सुझाव दिए एवं शिविर संयोजक राकेश कावडिया की सराहना की। महावीर समिति के अध्यक्ष पारस हिंगड़ सचिव अशोक खुरदिया व जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विशाल मारू सचिव लोकेश कोठीफोडा एवं शिविर संयोजक राकेश कावडिया ने सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित करते हुए सभी रक्तदाताओं को अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया। विशिष्ठ अतिथि सहयोगकर्ता नितुल एवं अतुल चंडालिया एवं अरविंद सोनी का अभिनंदन किया गया। महावीर जैन श्वेतांबर समिति के अध्यक्ष पारस हिंगड़ ने शिविर की प्रशंसा करते हुए बताया कि जो लक्ष्य आपने निर्धारित किया उससे भी अधिक रक्तदान हुआ एवम इस पुनीत सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का आग्रह किया । महावीर जैन श्वेतांबर समिति के सचिव अशोक खुर्दिया ने नवयुवक मंडल के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की नवीन ऊर्जावान युवा पीढ़ी इसी तरह सेवा के क्षेत्र में अनवरत सेवाएं प्रदान करते हुए नया स्वर्णिम युग बनाएगी ऐसा मेरा सोचना है।

बारां जिले में थाना छीपाबड़ौद पुलिस की कार्रवाई

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो महीने से फरार 10 आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** बारां जिले में थाना छीपाबड़ौद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो महीनों से फरार चल रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिनमे से तीन आरोपियों को जेल भेजा गया, बाकी सात आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। बारां एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया कि महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस थाना छीपाबडोद के प्रकरण संख्या 18/2025 धारा 363.366.376(2)(एन),376(डी) , 323. 344. 384. 506. 120बी आईपीसी का अनुसंधान अधिकारी वृताधिकारी वृत छबडा विकास कुमार द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। अनुसंधान अधिकारी सीओ छबड़ा कुमार के सुपरविजन में एसएचओ छीपाबड़ौद अजीत सिंह मय टीम द्वारा गैगरैप के फरार आरोपियों भरत सिह मीणा पुत्र जमना लाल (34), उसके भाई रणजीत मीणा (40), अर्जुन मीणा (28), दशरथ सिह उर्फ सुरेश मीणा (32) व मान सिह मीणा (29) निवासी सलावद थाना घाटोली जिला झालवड एवं तूफान सिह मीणा पुत्र पातु लाल (30), मान सिह मीणा पुत्र पाथु लाल (27) निवासी नई बस्ती अकलेरा झालावाड, रमेश मीणा पुत्र गिरधारी लाल (33), चांदमल मीणा पुत्र हीरालाल (51) निवासी काजल्या थाना अकलेरा जिला झालावाड एवं मोर सिह मीणा पुत्र भीमराज (27) निवासी सलावद थाना घाटोली को अथक प्रयासो से गिरफ्तार कर अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट एसीजेएम क्रम 02 छबडा के समक्ष पेश किया। जहां से मजिस्ट्रेट ने आरोपी मोर सिह मीणा, मान सिह मीणा एवं चांदमल मीणा को 23 मार्च, 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, शेष 7 आरोपियों का 05 दिन का पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी थाना छीपाबडौद अजीत सिह सहित एएसआई मोहन लाल, हैड कांस्टेबल अशफाक, कांस्टेबल, सुरेश, सुभाष, सुनिल व अशोक शामिल थे।




एन्टी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई

# भरतपुर में पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भरतपुर जिले के थाना गढ़ी बाजना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई कर अवैध हथियारों का जखीरा पकडा है। टीम ने जयपुर एवं आसपास के क्षेत्र के आपराधिक गिरोह को अवैध हथियार सप्लाई करने की तैयारी कर रहे भरतपुर व धौलपुर के तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर कुल 8 अवैध पिस्टल, देशी कट्टा व पौना सहित पिस्टल की 2 मैगजीन व 1 जिन्दा कारतूस जब्त किए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एम.एन के निर्देशन में राजस्थान में सक्रिय गैंग, गैंगस्टर्स एवं अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोहों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में उप महा निरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्वान्त शर्मा के सुपरविजन एवं एसआई नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई दुष्यन्त सिंह, हैड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, एवं महेन्द्र सिंह को भरतपुर सम्भाग में आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था। एडीजी श्री एमएन ने बताया कि आ सूचना संकलन में सोमवार को टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिये भरतपुर जिले के पुलिस थाना गढी बाजना क्षेत्र में कुछ अपराधी अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले हैं, जो इन हथियारों से किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर एजीटीएफ टीम एसएचओ गढी बाजना मय जाप्ता के साथ सिद्ध बाबा मन्दिर के पास पहुंची। जहां आसूचना के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े थे, जो बावर्दी पुलिस टीम को देख घबरा कर खेतों की तरफ भागने लगे। बमुश्किल पुलिस टीम ने तीनों बदमाशों को पकड़ नाम पता पूछा तो राजेश उर्फ राजू उर्फ बनकट पुत्र बृजमोहन सुनार उम्र 50 साल निवासी खिडकी गेट कस्बा वैर भरतपुर, विजेन्द्र गुर्जर पुत्र अमर सिंह उम्र 45 साल निवासी हिनोता थाना मनियां जिला धौलपुर एवं स्वरूप सेन पुत्र छोट लाल उम्र 20 साल निवासी भरतपुर गेट कस्बा वैर भरतपुर बताया। तीनों बदमाशों को डिटेन कर तलाशी ली गई तो राजेश उर्फ राजू की आंट से एक लोडेड पिस्टल, विजेन्द्र की आंट से एक देशी कट्टा 315 बोर एवं स्वरूप की आंट से एक देशी कट्टा 315 बोर मिला। बदमाश राजेश व विजेन्द्र के हाथ में मिले बैग में 1 पिस्टल मैग्जीन खाली, 1 कट्टा पौना 315 बोर व 4 कट्टे 315 बोर के बरामद किये गये। उक्त अवैध हथियारों के जखीरे के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि ये हथियार जयपुर व आसपास के क्षेत्रों में भारी रकम प्राप्त कर सप्लाई करने वाले थे। अभियुक्त राजेश उर्फ राजू व विजेन्द्र के विरूद्ध धौलपुर, भरतपुर जिले में फायरिंग, जानलेवा हमला करने, डकैती तथा अन्य गम्भीर प्रवृति के एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध हथियारों के सम्बंध में तीनों बदमाशों से सघन अनुसंधान जारी है। इस संबंध में थाना गढी बाजना, जिला भरतपुर में प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार जप्त किए गए। जिनसे अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इस सम्पूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ टीम के उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, एएसआई दुष्यन्त सिंह, हैड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, व महेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका एवं कांस्टेबल संजय का सराहनीय सहयोग रहा। थाना गढी बाजना से एसएचओ पृथ्वी सिंह, एएसआई दरब सिंह, हैड कांस्टेबल भरत सिंह, कांस्टेबल राधेलाल, प्रदीप, मनोज कुमार व चालक करन सिंह शामिल थे।




स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।